**प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक, भागीदारी में किफायती आवास (AHP) के अन्तर्गत प्राप्त परियोजनाओं की एस0एल0ए0सी0 द्वारा परीक्षण एवं मूल्यांकन की 100वीं बैठक दिनांक 03.11.2022 का कार्यवृत्त।**

आज दिनांक 03.11.2022 को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक भागीदारी में किफायती आवास हेतु एस0एल0ए0सी0 की बैठक आयोजित की गई, जिसमें अवगत कराया कि उन्नाव–शुक्लागंज विकास प्राधिकरण द्वारा 02 परियोजनाएं, फिरोजाबाद–शिकोहाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा 01 परियोजना एवं रायबरेली विकास प्राधिकरण द्वारा 01 परियोजना कुल 03 प्राधिकरणों की 04 परियोजनाएं संशोधन हेतु उपलब्ध करायी गयी, जिसे समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। विवरण निम्नवत हैः–

(धनराशि लाख रू0 में)

| कार्यदायी संस्था का नाम | परियोजना का नाम | EWS आवास | परियोजना लागत | केन्द्रांश | राज्यांश | लाभार्थी अंशदान | कार्यदायी संस्था अंशदान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन्नाव–शुक्लागंज वि0प्रा0 | बाहरी | 480 | 2688.00 | 720.00 | 480.00 | 960.00 | 528.00 |
| | संशोधित विवरण | **432** | **2479.65** | **648.00** | **432.00** | **864.00** | **535.65** |
| उन्नाव–शुक्लागंज वि0प्रा0 | बाहरी | 240 | 1382.64 | 360.00 | 240.00 | 480.00 | 302.64 |
| | संशोधित विवरण | **192** | **1076.69** | **288.00** | **192.00** | **384.00** | **212.69** |
| फिरोजाबाद–शिकोहाबाद वि0प्रा0 | उसायनी | 800 | 4592.09 | 1200.00 | 800.00 | 1600.00 | 992.09 |
| | संशोधित विवरण | **586** | **3626.41** | **852.00** | **568.00** | **1136.00** | **1070.41** |
| रायबरेली वि0प्रा0 | बरखापुर | 520 | 3401.09 | 780.00 | 520.00 | 1040.00 | 1061.09 |
| | संशोधित विवरण | **235** | **1984.12** | **352.50** | **235.00** | **470.00** | **926.62** |

अवगत कराया गया कि उपरोक्त समस्त परियोजनाएं निर्माणाधीन है एवं भवनों का निर्माण पूर्णता के समीप है।

उपरोक्त परियोजनाओं में आवासों की संख्या कम होने के दृष्टिगत् प्राप्त प्रस्तावों एवं संशोधित–7बी का परीक्षण समिति द्वारा किया गया तथा निम्नानुसार अनुशंसा की गयीः–

1. समिति द्वारा सभी परियोजनाओं में मूल एवं संशोधित प्रति आवास लागत का आंकलन किया गया, जिसमें रायबरेली विकास प्राधिकरण की परियोजना में मूल प्रति आवास निर्माण लागत रू0 4.131 लाख के सापेक्ष संशोधित प्रति आवास निर्माण लागत रू0 4.73 लाख पायी गयी जो कि अत्याधिक वृद्धि है। इस सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, रायबरेली विकास प्राधिकरण द्वारा पत्र सं0–214 दिनांक 04.11.2022 से अवगत कराया गया कि पूर्व लागत की आगणन पर आधारित थी, जबकि वर्तमान लागत की गणना वास्तविक लागत के आधार पर है, जो कि आगणन से उच्च है। इस कारण मूल एवं संशोधित आवास निर्माण लागत में भिन्नता है।

2. समिति द्वारा उपरोक्तानुसार उन्नाव–शुक्लागंज विकास प्राधिकरण की 02 परियोजनाओं, फिरोजाबाद–शिकोहाबाद की 01 परियोजना एवं रायबरेली विकास प्राधिकरण की 01 परियोजना में प्रस्तावित संशोधन भारत सरकार को प्रेषित करने हेतु राज्य सरकार की एस0एल0एस0एम0सी0 के समक्ष स्वीकृति/विचारार्थ प्रस्तुत करने की संस्तुति समिति द्वारा की गयी।

| अधिशासी अभियन्ता<br>सूडा | **महाप्रबन्धक**<br>सी0 एण्ड डी0एस0 | **निदेशक**<br>आवास बन्धु |
|---|---|---|

4.11.22

मिशन निदेशक
/निदेशक, सूडा

संख्याः 214 /अभि0अनु0/रा0वि0प्रा0/2022-23/2022

प्रेषक,

अधिशासी अभियन्ता
रायबरेली विकास प्राधिकरण
रायबरेली।

सेवा में,

निदेशक,
राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0 (सूडा)
सेक्टर-7 गोमती नगर, लखनऊ।

अभियंत्रण अनुभाग रायबरेली दिनांक 04.11. 2022

विषयः रायबरेली के ग्राम बरखापुर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत निर्माणाधीन 235 आवासों के निर्माण लागत के वृद्धि के सम्बन्ध में।

---

महोदय,

कृपया रायबरेली के ग्राम बरखापुर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत निर्माणाधीन 235 आवासों के अन्तर्गत 520 भवनों हेतु डी0पी0आर0 की स्वीकृति सी0एस0एम0सी0 के द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है। तत्समय उक्त भवनों के निर्माण लागत की गणना आगणन पर आधारित थी, जिसके अनुसार प्रति भवन की निर्माण लागत रू0 4.13 लाख आ रही थी। आगणन के स्वीकृति उपरान्त उक्त कार्य की निविदा आमंत्रित की गयी थी। प्राप्त निविदायें आगणन से उच्च प्राप्त हुई हैं। प्राप्त निविदाओं को न्यायोचित धनराशि से निम्न होने के कारण स्वीकृति प्रदान की गयी थी। वर्तमान में भवनों की वास्तविक लागत के अनुसार गणना की गयी है, जिसके अनुसार प्रत्येक भवन की निर्माण लागत रू0 4.73 लाख आ रही है।

कृपया उपरोक्तानुसार अवगत होने का कष्ट करें।

भवदीय,

(एम0 अहमद)
अधिशासी अभियन्ता

संख्या व दिनांकः तदैव।

प्रतिलिपिः निदेशक, आवास बन्धु, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner